जिले का सबसे बड़ा वेब नेटवर्क
देवरिया टाइम्स
www.deoriatimes.com

देवरिया टाइम्स
जिले का सबसे बड़ा वेब नेटवर्क
www.thedeoriatimes.in

Deoria News:सी०बी०एस० ई० परीक्षा परिणाम में कक्षा दशवीं में यश पाण्डेय ने जिला टॉपर

2 / 3

Deoria News: देवरिया टाइम्स । सी०बी०एस०ई० 2024 के घोषित परीक्षा परिणाम में नगर के सरस्वती वरिष्ठ विद्या मन्दिर देवरिया खास देवरिया का दशवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा वही बारहवीं का 95.52 प्रतिशत रहा।कक्षा दशवीं में भैया यश पाण्डेय 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बने दूसरे स्थान भैया मयूरेश सिंह 96.2. अर्पित श्रीवास्तव ने 94.4 सूर्यान्त तिवारी 93.6, शिवान्श तिवारी 92.6 ने प्रथम पाँच में स्थान बनाया वहीं बारहवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के भैया शशांक सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया तथा अभिषेक कुशवाहा 94.4, अमन गुप्ता 93.04 रितेश सिंह 932, आयुष उपाध्याय 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम पाँच में स्थान बनाया। कक्षा दशवी के टॉपर मेया यश पाण्डेय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को देते हुये कहा कि नियमित स्वध्याय और कक्षा कक्ष में आचायर्यों द्वारा बताये महत्वपूर्ण टिप्स और व्याख्यान परीक्षा में बहुत उपयोगी रहे। सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि विद्या भारती के पंचपदीय शिक्षा प्रणाली को अपनाते हुये शिक्षण व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू करने से परीक्षा परिणाम आशातीत रहा है और आगामी सत्र में शिक्षण में नवाचार लाते हुये इससे बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिये विद्यालय परिवार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम अध्ययन अध्यापन के साथ अनुशासन के साथ शिक्षण का परिणाम है। बेहतर परीक्षाफल से अभिभूत विद्यालय के प्रबन्ध समिति में अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव, प्रबन्धक श्री मुन्नी लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री गौरव गोयल ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्होंने इस परिणाम का श्रेय छात्रों की मेहनत उनके माता-पिता का समपर्ण और आचार्य की लगन को दिया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्री जगदीश प्रसाद चन्द्र प्रकाश सिंह, देवेन्द्र कुमार, अखिलेश दीक्षित यजुवेन्द्र पति त्रिपाठी, दिलीप श्रीवास्तव, मनोज कुन्दन, हरिनाथ त्रिपाठी सहित समस्त आचार्य उपस्थित रहे।